सार-समाचार

भाकपा बैठक आयोजित

सलूंबर ,(कासं)। भाकपा (माले) की उदयपुर सलूंबर संयुक्त जिला कमिटी बैठक रविवार को दुधर में सम्पन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए राज्य सचिव शंकरलाल चौधरी ने कहा कि पिछले लोकसभा चुनाव में बहुमत खोने के बावजूद नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही केंद्र सरकार गरीब मजदूर किसान विरोधी नीतियों पर चल रही हैं। महंगाई लगातार बढती जा रही हैं। दिसंबर माह के आंकडों के हिसाब से सब्जियों के भाव 89प्रतिशत, आलू के 68प्रतिशत,लहसुन के 58प्रतिशत और खाने का तेल 33 महीनों के रेकॉर्ड स्तर पर पहुंच रहा हैं। शिक्षित युवाओं में बेरोजगारी रेकॉर्ड स्तर पर हैं। राजस्थान में भाजपा सरकार बनने के बाद राज्य में बुनियादी मुद्दों पर विफलताओं से ध्यान हटाने के लिए माहौल को सम्प्रदायिक रंग दिया जहां रहा हैं। भाजपा सरकार राज्य में पिछली सरकार की जनकल्याण वाली योजनाओं को खत्म करने पर उतारू हैं।जिला सचिव चंद्रदेव ओला ने कहा राज्य में बिजली बिल लगातार बढ कर आ रहे हैं। लोगो को पेंशन राशन समय पर नहीं मिल रहा। वरिष्ठ नेता गौतम मीणा ने कहा सलूंबर में किसान खाद और बिजली समय पर नहीं मिलने के चलते बेहाल हैं। जनता की समस्याओं की समय पर सुनवाई नहीं हो रही हैं। पूरी स्थिति पर चर्चा करते हुए बैठक में सर्वसम्मति से फैसला लिया गया कि जनसमस्याओं को लेकर 10 फरवरी को सेलिंग तालाब से जन अधिकार रैली निकाली जाएगी। इसके लिए फरवरी 2 से सात दिन का जन संपर्क अभियान चलाया जाएगा जिसमें गांवों और पंचायतों में मनरेगा, सडक, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई आदि से जुडी जनमुद्दों को उठाया जाएगा। शंकर मीणा ने बताया कि मजदूरों से जुडी योजनाएं लागू नहीं हो रही हैं। पूरणमल ने कहा आदिवासीयों के लिए वन अधिकार कानून लागू नहीं हो रहा। थाने और प्रशासन में भ्रष्टाचार व्याप्त हैं। भाकपा (माले) जन गोलबंदी कर 10 फरवरी को रैली निकाल जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपेगा। केंद्रिय श्रमिक संगठन ऐक्टू के सौरभ नरूका ने कहा कि मोदी सरकार आजाद भारत के इतिहास सबसे ज्यादा मजदूर कर्मचारी विरोधी सरकार हैं। मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ ऐक्टू के 11वे सम्मेलन में भागीदारी के लिए 24 फरवरी को दिल्ली चलो का आव्हान किया हैं। तालकटोरा स्टेडियम में होने वाले कार्यक्रम में भागीदारी के लिए दक्षिण राजस्थान के जिलों सलूंबर उदयपुर प्रतापगढ और चित्तौडगढ से भी मजदूर भागीदारी करेंगे।

पदभार ग्रहण कार्यक्रम आयोजित

भीम, (निसं)। विधानसभा के भीम मण्डल के नवनियुक्त भाजपा मंडल अध्यक्ष एडवोकेट चापसिंह के पदभार ग्रहण कार्यक्रम आयोजित हुआ समारोह के मुख्य अतिथि विधायक हरि सिंह रावत थे। कार्यक्रम के दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष नारायणसिंह, जिला परिषद सदस्य नरेन्द्र कुमार बागड़ी, पूर्व जिला प्रमुख प्रवेश कुमार, कुकरखेड़ा मंडल अध्यक्ष रामसिं, फतेहसिंह, रणजीतसिंह, गोपालसिंह किशोरसिंह, भेरूसिंह आदि भाजपा कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने पदभार ग्रहण किया। जिस पर विधायक हरि सिंह रावत ने मंडल अध्यक्ष चाप सिंह का साफा माल्यार्पण कर स्वागत अभिनंदन किया।

दुष्कर्म का मामला दर्ज

उदयपुर, (कासं)। युवती के साथ दुष्कर्म करने वाले के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित ने आरोपी शुभम सोनी व पन्नालाल सोनी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि मेरी पुत्री के संपर्क में होने से आरोपियों से बातचीत हुआ करती थी। गत वर्ष 3 अक्टूबर को आरोपी मेरी पुत्री को बहला फुसला कर अपने साथ एक होटल में ले गए। जहां नशे की दशा देने के बाद अचेत होने पर आरोपी शुभम ने मेरी पुत्री के साथ दुष्कर्म किया। होश में आने पर आरोपी ने किसी को नहीं बताने की धमकी दी। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है। जिसकी जांच पुलिस उप अधीक्षक कैलाशचन्द्र बोरीवाल को सौंपी है।

सड़क हादसे में महिला की मौत

उदयपुर, (कासं)। बडगांव थाना क्षैत्र में जेसीबी की चपेट में आने से महिला की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बडगांव थानाक्षैत्र घसियार भव्या पैलेस के समीप जेसीबी की चपेट में आने से घायल नीमच माता स्कीम देवाली निवासी मंजूदेवी पत्नी मनोहरलाल सेन को एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां उसकी मौत हो गई। मनोहर अपनी पत्नी व बच्चे को लेकर कुमावता गुड़ा गांव में शादी में शामिल होकर वापस घर लौट रहे थे। जहां बीच रास्ते में पानी पीने के लिए स्कूटी रोकी। इस दौरान जेसीबी ने मंजू को चपेट में ले लिया था। एएसआई रोशनसिंह ने मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा। इसी प्रकार गत दिनों झाड़ोल थाना क्षैत्र नयागांव निवासी वरजू (18) पुत्री शंतिलाल मीणा की तबीयत खराब होने पर परिजनों ने उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर झाड़ोल ाानाधिकारी फैलीराम ने मृतका का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंपा।

मंत्री अर्जुनराम मेघवाल उदयपुर में

उदयपुर, (कासं)। केन्द्रीय कानून एवं न्याय तथा संस्कृति एवं संसदीय कार्य मंत्री अर्जुनराम मेघवाल 20 जनवरी दोपहर 13 बजकर 10 मिनट पर दिल्ली से रवाना होकर 14 बजकर 30 मिनट पर उदयपुर हवाई अड्डा पहुँचेंगे। केन्द्रीय संचार ब्यूरो के सहायक निदेशक रामेश्वर लाल मीना ने बताया की मंत्री इसी दिन 14 बजकर 50 मिनट पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय , भारत सरकार के केन्द्रीय संचार ब्यूरो क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा पीएम श्री राजकीय फतह उच्च माध्यमिक विधालय के मैदान में 20 से 24 जनवरी तक लगाई जा रही पांच दिवसीय विकसित भारत 2047 मल्टी मीडिया प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। मंत्री इसी दिन 15 बजकर 10 मिनट पर नगर निगम सभागार में आयोजित संविधान गौरव अभियान कार्यक्रम में भाग लेंगे एवं इसी दिन सायं 20 बजे उदयपुर से रवाना होकर 21 बजकर 20 मिनट पर दिल्ली पहुँचेंगे।

मजदूर किसान एकजुट दिवस मनाया

उदयपुर, (कासं)।अखिल भारतीय किसान सभा के अखिल भारतीय आवहाँन पर माछला मगरा स्थित शिराली भवन में मजदूर किसान एक जुटता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सीटू के जिला अध्यक्ष और पूर्व पार्षद राजेश सिंघवी ने कहा कि देश के विकास में मजदूर किसान की महत्वपूर्ण भूमिका है लेकिन देश की आजादी के बाद सत्ता की नीतियों के कारण वह बदहाल जीवन जीने को मजबूर है । इन हालात को मजदूर किसान संयुक्त रूप से जन आंदोलन करके ही बदल सकते हैं । बैठक में सीटू के उप संयोजक हीरालाल सालवी ने कहा कि सुई से लेकर हवाई जहाज तक मजदूर बनता है लेकिन मौजूदा व्यवस्था में वह शोषण का शिकार है । बैठक में सीटू के उपाध्यक्ष गुमान सिंह राव ने कहा कि निजीकरण से रोजगार पर संकट पैदा हो बेरोजगारी की बडी फौज तैयार हो गई है। जनवादी महिला समिति की सचिव रानी माली ने कहा कि मजदूर किसान एकता में महिलाओं को भी शामिल किया जाना चाहिए क्योंकि वह देश एवं दुनिया में श्रम का 50 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा है।

कार्यशाला का आयोजन

डूंगरपुर, (निसं)। भाजपा कार्यालय डूंगरपुर में संविधान गौरव अभियान की तैयारियों को लेकर कार्यशाला आयोजित की गई।नगर महामंत्री नयन सुथार ने बताया कि संविधान गौरव अभियान की प्रस्तावित कार्यसमिति जो 24 जनवरी को होने जा रही है, को लेकर जिले की बैठक रखी गई। जिसमें मंडल बैठक बूथ स्तर पर बैठक व पत्रक वितरण स्कूल कॉलेज में निबंध प्रतियोगिता पत्रकार वार्ता व प्रदेश महामंत्री देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओमप्रकाश भड़ाना के प्रस्तावित कार्यक्रम की रूपरेखा एवं कार्य विभाजन किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य वक्ता उदयपुर लोकसभा सांसद मन्नालाल रावत रहे, जिलाध्यक्ष हरीश पाटीदार की अध्यक्षता में कार्यक्रम की शुरुआत हुई। बैठक में सागवाड़ा विधायक शंकरलाल डेचा, जिला प्रमुख सूर्या अहारी, पूर्व जिला प्रमुख माधवलाल वरहात, विधायक प्रत्याशी बंसीलाल कटारा, कारीलाल ननोमा, पूर्व जिला अध्यक्ष गुरुप्रसाद पटेल, गजेन्द्र सिंह चौहान, वेलजी पाटीदार, सागवाड़ा प्रधान ईश्वर चरपोटा, गलियाकोट प्रधान जय प्रकाश पारगी, बिछीवाड़ा प्रधान देवराम रोत मंचासीन रहे। संचालन जिला संयोजक शांतिलाल पंड्या ने किया।

कटारा बने एनएसयूआई सहप्रभारी

बांसवाड़ा, (निसं)। एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष वरुण चौधरी, प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड, राज्य प्रभारी अखिलेश यादव और साहील शर्मा की अनुशंसा पर तलवाडा के गामडी निवासी राहुल कटारा को चित्तौडगढ जिले का सह प्रभारी नियुक्त किया गया। ध्यान रहे कि कटारा पिछले कई वर्षों से छात्र हितो के लिए कार्य करते आये हैं।

'भाजपा ने हमेशा अंबेडकर की विरासत का सम्मान किया'

राजसमंद, (निसं)। भाजपा जिला कार्यालय पर रविवार को संविधा सम्मान गौरव कार्यशाला का आयोजन भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह बाहरठ की अध्यक्षता व पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

भाजपा जिला मिडिया संयोजक नर्बदा शंकर पालीवाल ने बताया कि कार्यशाला को संबोधित करते हुए मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि कांग्रेस

■ **कांग्रेस ने हमेशा डॉ भीमराव अंबेडकर के साथ अन्याय किया : कुमावत**

पार्टी ने 1952 और 1954 के चुनाव में डॉ बाबासाहेब अंबेडकर को हराने के लिए कम्युनिस्टों के साथ मिलकर रणनीति बनाई। यहां तक की प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने खुद उनके खिलाफ चुनाव प्रचार किया। नेहरू सरकार में मंत्री होते हुए डॉ अंबेडकर को रक्षा विदेश मामलों प्रमुख समितियां से बाहर रखा गया उनके ज्ञान और योगदान की पूरी तरह से नजर अंदाज किया गया। आयोग ने पिछडे वर्गों के लिए आरक्षण की सिफारिश की थी लेकिन नेहरू सरकार ने इसे खारिज कर दिया जिससे साफ हो गया कि सामाजिक असमानता को सुधारने में कांग्रेस की कोई मंशा नहीं थी। नेहरू ने मुख्यमंत्रीयों को लिखे पत्र में आरक्षण का विरोध किया और उसे प्रशासनिक अक्षमता का कारण बताया। नेहरू का

जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित संविधा सम्मान गौरव कार्यशाला में मंचासीन अतिथि।

ये रवैया हाशिये पर खडे समुदाय का प्रती कांग्रेस की नफरत को उजागर करता है। साथ ही राजीव गांधी ने मंडल आयोग की सिफारिश का विरोध किया और आरक्षण के खिलाफ प्रचार किया। उन्होंने दलित और आदिवासियों के लिए आरक्षण खत्म करने का समर्थन करते हुए विज्ञापन भी प्रकाशित किया। 1985 में राजीव गांधी ने एक विवादित बयान दिया जिसमें उन्होंने अनुसूचित जाति के आरक्षण को मूर्खो को प्रोत्साहन देने जैसा बताया यह कांग्रेस की दलित और पिछडे वर्गों के प्रति नफरत को दर्शाता है और आज कांग्रेस संविधान संविधान करके रोना रो रही है और भाजपा पर आरोप लगाती है जिसको समझने की आवश्यकता है और भाजपा के कार्यकर्ता इस चीज को जनता के बीच में ले जाएं। इस दौरान जिला प्रमुख रतनीदेवी चौधरी, जिला उपाध्यक्ष अशोक रांका, गोविन्द कंसारा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष मोहन कुमावत, प्रदेश प्रतिनिधि सुरेश पालीवाल, महिला मोर्चा अध्यक्ष सविता सनाढ्य, जिला मीडिया प्रभारी अरविंद सिह भाटी, संगीता चौहान, कार्यालय मंत्री प्रमोद गोड सहित अनय पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। संचालन जिला महामंत्री गोपाल कृष्ण पालीवाल ने किया।

भजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह बाहरठ ने बताया कि भाजपा ने हमेशा डॉ भीमराव अंबेडकर की विरासत का सम्मान किया है। भाजपा ने डॉ अंबेडकर के न्याय समानता सशक्तिकरण पर आधारित आदर्श राष्ट्र की परिकल्पना की थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने उनके विचारों को अपनाते हुए सामाजिक और आर्थिक सुधारो की दिशा में अनेक कदम उठाए। बीजेपी ने डॉ अंबेडकर के जीवन से जुडे पांच महत्वपूर्ण स्थलों को पंच तीर्थ के रूप में विकसित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में डॉ अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र की स्थापना की जो शोध और सामाजिक आर्थिक बदलाव के लिए प्रमुख केंद्र के रूप में कार्य करता है। भाजपा सरकार ने 2016 में अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम में संशोधित किया जिससे अनुसूचित जाति और जनजाति के पीडितों के लिए आर्थिक मदद को बढाया गया। भाजपा ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान किया। इस कदम से महिलाओं के सामाजिक राजनीतिक सशक्तीकरण को बढावा मिला। वहीं कार्यशाला को जिला संघठन प्रभारी वीरेंद्रसिंह चौहान, पूर्व विधायक बंशीलाल खटीक, कार्यक्रम के संयोजक पूर्व जिला महामंत्री महेश पालीवाल ने भी संबोधित किया।

प्रतियोगी परीक्षा के लिये विप्र ने दिया मार्गदर्शन

लियो कॉलेज सभागार में आयोजित सेमीनार में विशेषज्ञों का स्वागत करते विफा पदाधिकारी।

बांसवाड़ा, (निसं)। विप्र फाउंडेशन की ओर से विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा दे रहे विप्र विद्यार्थियों के लिए मार्गदर्शन शिविर लियो कॉलेज सभागार में आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता शिक्षा, रोजगार एवं प्रतियोगी परीक्षा प्रकोष्ठ के प्रमुख एचआर दवे रहे वहीं विशेषज्ञ के रूप में रविराज चौबीसा, भावेश चौबीसा और स्थानीय कॉलेज के लेक्चरर नीरज श्रीमाली ने मार्गदर्शन प्रदान किया।

अतिथियों का स्वागत नगर अध्यक्ष ईश्वर दास वैष्णव, जिला महामंत्री शशि कुमार शर्मा व जिला व्यवस्थापक अमृत सनाढ्य ने किया। मुख्य वक्ता दवे ने प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी, सेलेबस, लक्ष्य निर्धारित करने, तनाव मुक्त रहने संबंधी मार्गदर्शन दिया। वहीं विशेषज्ञों ने मनोविज्ञान, गणित व अंग्रेजी विषय की तैयारी के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया। शिविर के बाद मॉक टेस्ट का आयोजन किया गया जिसमें भाविक ठाकुर, रिया उपाध्याय, अल्का झा, देवेज्ञ पाठक, छवि चौबीसा, चिन्मय चौबीसा ने सर्वाधिक अंक प्राप्त किये। लियो संस्थान के निदेशक मनीष त्रिवेदी ने भी विप्र छात्रो को मार्गदर्शन प्रदान किया। प्रदेश महामंत्री योगेश जोशी ने बताया कि उदयपुर की टीम ने शिविर में मार्गदर्शन दिया है एवं इसे प्रत्येक रविवार को अनवरत करते हुए आगामी समय में भी जारी रखा जायेगा। साथ ही समय-समय पर विशेषज्ञों द्वारा सेमीनार भी किये जायेंगे। इस अवसर पर नवमनोनीत कुशलगढ विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष नरेश काका त्रिवेदी का स्वागत किया गया। सेमीनार में जिलाध्यक्ष ललित कुमार जोशी, नगर अध्यक्ष ईश्वर दास वैष्णव, जिला उपाध्यक्ष वासुदेव मेहता, अमृत सनाढ्य, अशोक पुरोहित, लोकेश आचार्य, प्रदेश उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ प्रज्ञेश पंड्या सहित पदाधिकारियों ने सहयोग प्रदान किया। संचालन प्रज्ञेश पांड्या ने किया।

प्रतिभा सम्मान समारोह सम्पन्न

राजसमंद, (निसं)। जिला मुख्यालय स्थित अणुव्रत विश्वभारती ऑडिटोरियम में रविवार को जिला स्तरीय पंचम गुर्जर प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मांडल विधायक उदयलाल भडाना थे। इस अवसर पर जिले के विभिन्न प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। समारोह में कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 65 प्रतिशत से अधिक अंक, स्नातक एवं स्नातकोत्तर में 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले, विशेष उपलब्धि हासिल करने वाले युवा एवं वर्ष 2024 में राजकीय सेवा में चयनित गुर्जर समाज की 225 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। विधायक भडाना ने प्रेरणादायक उद्बोधन में विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम और शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए जीवन में सफल होने के सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही जीवन के विकास का आधार है। शिक्षा अधिकारी राजेंद्र गुर्जर ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष देवकी नंदन गुर्जर ने की। जबकि उपखंड अधिकारी विवेक गुर्जर ने प्रतिभाओं को सफलता के लिए उपयोगी मार्गदर्शन दिया। प्रगतिशील गुर्जर संघ के जिलाध्यक्ष चतुर्भुज गुर्जर ने समाज के हर व्यक्ति को बेटियों को शिक्षा में आगे बढाने और समाज को सशक्त बनाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान राजसमंद उप जिला प्रमुख सोहनीदेवी गुर्जर, कृषि अधिकारी मदन गुर्जर, पुलिस विभाग अधिकारी गैरीलाल गुर्जर आदि मौजूद रहे।

दातापति हनुमान मंदिर में सात दिवसीय धार्मिक आयोजन सम्पन्न

मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद साक्षात भगवान मान कर दर्शन करना चाहिए : राम शंकर वेदांती जी महाराज

उदयपुर, (कासं)। शहर के हिरण मंगरी सेक्टर 4 स्थित दातापति हनुमान मंदिर में 7 दिवसिय धार्मिक आयोजन 17 जनवरी शुक्रवार को महाप्रसादी के साथ सम्पन्न हुए ।

दातापति हनुमान मंदिर के महंत रामदास वैष्णव ने बताया की राम दरबार, गणेश जी महाराज, वैष्णोदेवी माता, सर्वेश्वर महादेव,एवम राडाजी महाराज के पाटोत्सव के अवसर पर दातापति हनुमान मंदिर में 7 दिवसिय

■ **भजन गायक राजेश वैष्णव ने सुनाई साँवरिया सेठ की कथा**

धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ । आयोजन की शुरुआत 10 जनवरी शुक्रवार से पंडित जयनारायण आमेटा के आचार्यत्व मे हुई ।

शनिवार 11 जनवरी को अयोध्या धाम में रामलला मंदिर के प्रथम पाटोत्सव पर दातापति हनुमान मंदिर में शाम को दीपोत्सव मनाया गया जिस्में सभी महिलाओ ने नीले वस्त्र पहन कर धार्मिक भजन गाये एवम भगवान को प्रसाद चढाया । 15 जनवरी को शाम 6 बजे से सांवरिया सेठ की कथा का आयोजन राजेश वैष्णव के मुखारबिंद से हुआ । राजेश वैष्णव ने कथा में बताया



दातापति हनुमान मंदिर में जानकी घाट अयोध्या के संत श्री रामशंकर दास वेदांती जी महाराज ने भक्तों को आशीर्वचन कहे ।

कि एक ग्वाला लक्खा भगत (भोलाराम गुर्जर) को सपना आया और सपने में ज़मीन के अंदर तीन एक जैसी समान मूर्तियां होने का सपना आया फ़िर लक्खा भगत (भोलाराम गुर्जर) ने सपनों में दिखी जगह जाकर खुदाई की और 3 मुर्तिया एक समान बनी हुई मिली इन मूर्तियों में से एक मूर्ति को मंडफिया , दूसरी को भादसोडा और तीसरी को बागुंड गाव के छापर मे स्थापित किया गया इन तीनो जगह पर मंदिर बन गए और तीनो मंदिर एक दूसरे के करीब है मंडफिया मंदिर को सांवलिया धाम के नाम से जाना जाता है ।

गुरुवर 16 जनवरी को दोपहर 3 बजे से संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ एवम शाम को भजन संध्या का आयोजन हुआ जिस्में सभी भक्तों ने आनंद लिया । शुक्रवार 17 जनवरी को सुबह से हवन यज्ञ प्रारम्भ हुए एवम दोपहर 12 बजे मंदिर में ध्वजा चढ़ाई गई एवम महाआरती का आयोजन हुआ उसके पश्चात सभी भक्तों ने भोजन प्रसादी का आनंद लिया । दोपहर 2 बजे जानकी घाट अयोध्या के संत श्री रामशंकर दास वेदांती जी महाराज 7 संतो के साथ दातापति मंदिर में पधारे एवम आशीर्वाद स्वरूप सभी भक्तों से कहा की आज भगवान सीताराम का यहाँ पाटोत्सव है मतलब भगवान की प्रतिष्ठा हुई , प्राकट्यय दिवस है मतलब यहा साक्षात प्रकट होकर भगवान विराजमान हैं वैदिक ब्राह्मण प्राण प्रतिष्ठा करवाते हैं तो उसे केवल मूर्ति मानकर हि नहीं बल्की साक्षात भगवान मानकर दर्शन करना चाहिए ।

सार-समाचार

चिकित्सा शिविर आज

उदयपुर, (कासं)। पूर्व संसदीय सचिव राजस्थान सरकार एवं पुर्व विधायक वल्लभनगर कीर्तिशेष स्व. गजेंद्र सिंह शक्तावत की चतुर्थ पुण्यतिथि पर वल्लभनगर विधानसभा क्षेत्र में विविध आयोजन होंगे साथ उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। गुलाब सिंह शक्तावत राजकीय जिला चिकित्सालय भीण्डर में जीबीएच जनरल हास्पीटल और गज गुलाब सेवा ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क चिकित्सा शिविर सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होगा। कीर्तिशेष गुलाब सिंह शक्तावत मूर्ति स्थल रामपोल बस स्टेण्ड भीण्डर पर सुबह 10 बजे से रक्तदान शिविर प्रारम्भ होगा। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कानोड में सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक तारा संस्थान उदयपुर एवं गज गुलाब सेवा ट्रस्ट द्वारा निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन चयन शिविर आयोजित होगा। गज गुलाब सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष विंध्यराज शक्तावत ने बताया कि जीकेएस एकेडमी व ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में उदयपुर स्थित स्वागत वाटिका के सामने सेक्टर 3 स्थित जीकेएस एकेडमी परिसर में रक्तदान शिविर सुबह 9 बजे से प्रारंभ होगा। इस दौरान पुर्व विधायक वल्लभनगर प्रीति गजेंद्र सिंह शक्तावत शिविर स्थल पर उपस्थित रहेंगी।

जलापूर्ति बाधित रहेगी

उदयपुर, (कासं)। नगर उपखंड सप्तम से होने वाले जलापूर्ति नया खेडा पर राइजिंग पाइपलाइन लीकेज होने से सोमवार को होने वाली जलापूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता यामिनी उपाध्याय के अनुसार नगर उपखंड सप्तम से होने वाले जलापूर्ति नया खेडा पर राइजिंग पाइपलाइन लीकेज होने से 20 जनवरी को होने वाली जलापूर्ति एक दिन आगे बढाई जाती है। न्यू भोपालपुरा उच्च जलाशय,प्रेम नगर,कालका माता,केशव नगर, यूआईटी,खेमपुरा,बोहरा गणेश जी टंकी आदि में जलापूर्ति पर असर रहेगा। साथ ही दिन में होने वाली डायरेक्ट सप्लाई वाले छोटी पीपली,बडी पीपली,सरस्वती हॉस्पिटल वाली गली,धर्मराज कॉलोनी,प्रेम डेयरी तथा शाम को होने वाली डायरेक्ट सप्लाई आनंद नगर,रावतपुरा,जैन कॉलोनी, यूनिवर्सिटी रोड, कोठारियो का मोहल्ला,रामद्वारा चौक,सबरी कॉलोनी, लोहार कॉलोनी,नाईयो की गली,आयड आदि क्षेत्रों में जलापूर्ति पर असर रहेगा।

ईसवाल में रुकवाया बाल विवाह

उदयपुर, (कासं)।स्वयं सेवी संगठन गायत्री सेवा संस्थान द्वारा रविवार को गोगुन्दा क्षेत्र में एक बालविवाह रुकवाया गया । प्राप्त जानकारी अनुसार शनिवार को ईसवाल गाँव में नाबालिग बालिका के बाल विवाह की सूचना संस्थान को कल प्राप्त हुई जिस पर संस्थान द्वारा गोगुन्दा पुलिस थाने में नियुक्त बाल कल्याण अधिकारी मोहन सिंह मय टीम के साथ मोके पर पहुँचकर बाल विवाह को रुकवाया गया एवं परिवार को नोटिस जारी कर पाबंद किया गया कि जब तक बालिका 18 वर्ष की नहीं हो जाती तब तक उसका विवाह नहीं किया जाये। संस्थान द्वारा प्रतिवर्ष विभिन्न अवसरों पर बाल विवाह रोकने का कार्य जिला प्रशासन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में किया जाता रहा हैं। संस्थान द्वारा उदयपुर जिले में विगत 1 वर्ष में कुल 14 बाल विवाह रुकवाने के साथ अधिनियम अन्तर्गत प्रथम निषेधाज्ञा भी जारी करवाई गई थी।इसी दिशा में संस्थान द्वारा प्रत्येक पंचायत स्तर पर बाल विवाह की सही समय पर जानकारी प्राप्त करने हेतु सक्रिय किशोर -किशोरियों के ग्रुप बनाये गए हैं। ताकि कही भी बाल विवाह होने से पूर्व उसे समय पर रोका जा सके।

हमले में युवक घायल

उदयपुर, (कासं)।आपसी कहासूनी के दौरान मारपीट एवं चाकू से हमला कर पीडित व युवक को घायल करने वाले के खिलाफ प्रतापनगर थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडित हमेन्द्र गमेती पत्र खेतराम निवासी कमलोद हॉल प्रतापनगर ने प्रवीण सोनी निवासी रकमपुरा व उसके साथियों के खिलाफ प्रतापनगर पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि 18 जनवरी को मैं अपने साथी प्रेम गमेती के साथ आ रहा था। इस दौरान मिले आरोपियों ने पुरानी रंजिश के चलते मुझे रोक कर मारपीट कर गाली गलोज की। इसका विरोधक करने पर आरोपी चाकू से हमला कर साथी प्रेम गमेती को घायल कर फरार हो गए। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

हाइवे पर गांजा बेचने वाला गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। शहरके गेवर्धविलास थाना पुलिस ने हाइवे पर वाहन चालकों को अवैध रूप से गांजा बेचने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से अवैध गांजा व जॉईट पेपर बरामद किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक सूर्यवीरसिंह राठौड़ के सुपरविजन में में गोवर्धन विलास थानाधिकारी दिलीपसिंह झाला के नेतृत्व में गठित दल ने बारापाल में हाईवे से गुजरने वालें ट्रक चालकों को गांजा बेचने के मामले में आरोपी लक्ष्मण पुत्र रामलाल मीणा निवासी बाजार मोहल्ला बारापाल थाना गोवर्धन विलास को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से 88 ठाम अवैध गांजा तथा पीने के प्रयोग में लिये जाना वाला जॉईट पेपर बरामद किया। 18 जनवरी रात में गश्त के दौरान मुखबीर से हाइवे पर वाहन चालकों को गांजा बेचने की सूचना मिली। इस पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची तो आरोपी मौके से भागने लगा । जिसे पुलिस की टीम ने दबोच कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया।

एक किलो अवैध गांजा जब्त

उदयपुर, (कासं)। भीण्डर थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान अवेध गांजा जब्त कर एक तस्कर को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेन्द्रसिंह जैन के सुपरविजन में भीण्डर थानाधिकारी पुनाराम के नेतृत्व में गठित दल ने गश्त के दौरान बीजमाता से वाणिया तलाई रोड़ पर पैदल आ रहा युवक पुलिस को देख भागा। जिसे दबोच कर पूछताछ की तो उसने अपना नाम हेमराज पुत्र भूरालाल गायरी निवासी गिरवर पोल कालिका माता भीण्डर होना बताया। इस पर उसके हाथ में रखे थेले की पडताल की तो उसमें 1 किलों 102 ग्राम अवैध गांजा पाया गया।

अवैध शराब जब्त, दो गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)।भुपालपुरा थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान दो लाख रूपये की अवैध शराब से भरी जीप को जब्त कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अति. पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक छगर पुरोहित के सुपरविजन में भुपालपुरा थानाधिकारी आदर्श कुमार के नेतृत्व में एएसआई भगवतीलाल मय टीम ने मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर शौभागपुरा 100 फीट रोड़ पर नाकाबंदी की। इस दौरान बोलेरो जीप को रोक चालक से पूछा तो उसने अपना नाम जीवनलालपुत्र रूपाराम विश्नाई निवासी भीमगुडा सरवाणा चितलवाना जालौर व उसके पास बेठे व्यक्ति ने भजनलाल विश्नोई पुत्र किशनाराम विश्नाई निवासी भीमगुडत्रा सरवाणा चितलवाना जालोर होना बताया। इस पर वाहन की तलाशी तो उसमें दो लाख रूपये मूल्य की अंठोजी शराब के 29 कर्टन पाए गए। इस पर पुलिस ने शराब मय वाहन जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया। प्रारंभिक अनुसंधान में अवैध शराब तस्करी कर हरियाणा से गुजरात ले जाने की जानकारी सामने आई है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

अनियंत्रित ट्रोला दुकान में घुसा

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर से बांसवाडा की तरफ जा रहा एक तेज रफ्तार ट्रोला शनिवार देर रात जयसमंद कस्बे में अनियंत्रित होकर एक दुकान में जा घुसा।ट्रोला दुकानदार लक्ष्मण भारती की दुकान में 4 फीट ऊपर घुस गया। जिससे दुकान पर लगा टीनशेड, इलेक्टिक पोल, केबल और नल की पाइपलाइन सहित दुकान का फर्नीचर टूट गया। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। आक्रोशित ग्रामीणों ने ट्रोल चालक की पिटाई कर दी। सूचना पर जयसमंद पुलिस मौके पर पहुंची। जहां ग्रामीणों ने ट्रोल चालक को पुलिस के हवाले किया। साथ ही मौका मुआयना करते हुए उच्चाधिकारियों को जानकारी दी। हादस